रजिस्टर्ड/सील्ड

उत्तर प्रदेश शासन

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2

संख्या-891/2025/1894/22-2-2023-17(438)/2020

लखनऊ: दिनांक: 28 जुलाई, 2025

आदेश

उत्तर प्रदेश के श्री राज्यपाल, भारत का संविधान के अनुच्छेद-161 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कारागार, गोण्डा में निरूद्ध सिद्धदोष बंदी सुन्दर (बन्दी सं0-708/16) पुत्र श्री छेदी, जो रामापुर, थाना-कटरा बाजार, जनपद-गोण्डा का निवासी है, जिसे सत्र परीक्षण संख्या-192/1979 में भा०द०वि० की धारा-147, 302/149, 323/149 के अन्तर्गत मा0 न्यायालय, अपर सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं0-02, गोण्डा द्वारा दिनांक 26.09.1981 द्वारा आजीवन कारावास से दण्डित किया गया, जिसे मा० उच्च न्यायालय, लखनऊ के आदेश दिनांक 15-09-2015 द्वारा धारा-302/149 में आजीवन कारावास को लघुकृत करते हुए भा०द०वि० की धारा-304(1)/149 में 10 वर्ष के कारावास में परिवर्तित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 31.03.2023 तक अपरिहार 07 वर्ष, 08 माह, 08 दिन तथा सपरिहार 08 वर्ष, 11 माह, 08 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है, संतोषजनक जेल आचरण के दृष्टिगत शेष सजा का परिहार करते है तथा यह आदेश देते हैं कि यदि उक्त बंदी को किसी अन्य वाद में निरूद्ध रखा जाना वांछित न हो तो उसे अपनी शेष दण्डावधि में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला मजिस्ट्रेट, गोण्डा के संतोषानुसार दो जमानतें तथा उतनी ही धनराशि का एक जाती मुचलका प्रस्तुत करने पर बन्दी को कारागार से मुक्त कर दिया जाय।

सूर्य प्रकाश मिश्र

उप सचिव।

संख्या-891/2025/1894(1)/22-2-2023 एवं तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।

2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, उ0प्र0 शासन।

3- पुलिस महानिदेशक/महानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें, उ0प्र0।

4- जिला मजिस्ट्रेट, गोण्डा।

5- वरिष्ठ अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, गोण्डा।

6- जिला कारागार, गोण्डा।

7- कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश शासन।

8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

ममता श्रीवास्तव

अनु सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है

http://shasanadesh.up.gov.in